

## संक्षिप्त समाचार

### प्रमोशन में आरक्षण दायर याचिका को वापस लिये जाने की मांग को आंदोलन जारी

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच सहित अनेकों संगठनों का सरकार प्रमोशन में आरक्षण दायर याचिका को वापस लिये जाने और छात्रवृत्ति पर सीबीआई जांच के आदेश दिये जाने व रोस्टर प्रणाली का शासनादेश निरस्त किये जाने की मांग को क्रमिक अनशन जारी रखा। उत्तराखंड संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच के प्रदेश संयोजक दौलत कुंवर ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लोगों को प्रमोशन में आरक्षण न देने के खिलाफ याचिका दायर की गई है इसको सरकार शीघ्र वापस ले और प्रमोशन में आरक्षण शीघ्र दिया जाये।

### विकास चौहान ''युवजन प्रकाश अवार्ड'' से सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन के प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखण्ड प्रदेश, विकास चौहान को युवजन समाज के 40 वें स्थापना दिवस समारोह आयोजित राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मेलन में उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए युवजन प्रकाश अवार्ड 2019 से सम्मानित किया गया है।

### छात्रों और कर्मचारियों को समझाया सीएए और एनआरसी

**संवाददाता** देहरादून।

आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोत्तरी किये जाने सहित अनेक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकत्री, सेविका मिनी कर्मचारी संगठन ने अपने धरने प्रदर्शन व क्रमिक अनशन को जारी रखा। उन्होंने कहा कि जब तक मांगों का निस्तारण नहीं हो जाता तब तक आंदोलन को जारी रखा जायेगा।

# पशुपालन के क्षेत्र में क्रान्तिकारी एवं प्रगतिशील कदमः सीएम

**कदम**

■आस्ट्रेलियन मेरिनों भेड़ें मिलने से उत्तराखण्ड के भेड़ पालकों को होगा फायदा

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड को आस्ट्रेलियन मेरिनों भेड़ें प्राप्त होने से भविष्य में भेड़ पालकों को काफी फायदा होगा। यह प्रदेश में पशुपालन के क्षेत्र में क्रान्तिकारी एवं प्रगतिशील कदम है। इन भेड़ों से जहां उच्च गुणवत्ता की ऊन प्राप्त होगी, वहीं ऊन की मात्रा में भी वृद्धि होगी। जिससे किसानों की आर्थिकी तेजी से वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में भेड़ों की नस्ल सुधार कार्यक्रम जरूरी था। इस उद्देश्य से आस्ट्रेलिया से उच्च गुणवत्ता की 240 मेरिनों भेड़ें आयातित कर राजकीय भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र कोपड़धार, घनसाली टिहरी में व्यवस्थित की गयी हैं।

गुरूवार को सचिवालय में राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में भेड़ों की नस्ल




सुधार, ऊन गुणवत्ता एवं ऊन उत्पादन में वृद्धि हेतु आयातित आस्ट्रेलियन मेरिनों भेड़ के सम्बन्ध में प्रेस प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन भेड़ों से प्राप्त होने वाली ऊन से वूलन मिलों की विदेशी ऊन पर आत्मनिर्भरता कम होगी। वहीं उत्तरखण्ड में अच्छी किस्म की ऊन की उत्पादकता में तेजी से वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सीआईआई के माध्यम से भारत के ऊन उद्योग से जुड़े व्यापारियों से वार्ता के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि देश में 95 प्रतिशत ऊन का आयात आस्ट्रेलियन मेरिनों ऊन का होता है। इसी के दृष्टिगत कैबिनेट की स्वीकृति के उपरान्त आस्ट्रेलियन हाई कमीशन, नई दिल्ली के सहयोग से इसकी निविदा प्रक्रिया को अन्तिम रूप दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आस्ट्रेलिया से आयातित मेरिनों भेड़ से राज्य के भेड़पालकों को उच्च गुणवत्ता के नर मेढें उपलब्ध होंगे, साथ ही ऊन की गुणवत्ता में एवं उत्पादन के साथ-साथ शरीरिक भार में वृद्धि होगी तथा इससे भेड़ पालकों को आशातीत लाभ प्राप्त होगा।

सचिव पशुपालन डॉ. आर मीनाक्षी सुन्दरम ने कहा कि भारत सरकार की राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना के अन्तर्गत 03 पर्वतीय राज्यों उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू कश्मीर हेतु भेड़ों में नस्ल सुधार, ऊन गुणवत्ता एवं ऊन उत्पादन में सुधार के लिए भेड़ों के आयात की स्वीकृत प्राप्त हुई। उत्तराखण्ड राज्य हेतु योजनान्तर्गत 240 मेरिनों भेड़ (40 नर व 200 मादा) के लिए कुल धनराशि रु 850.00 लाख (90 प्रतिशत केन्द्रांश एवं 10 प्रतिशत राज्यांश) की धनराशि उपलब्ध करायी गयी। इस सम्बन्ध में निदेशक आईटीडीए अमित सिन्हा के नेतृत्व में आईटीडीए की टीम द्वारा भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र कोपड़धार, घनसाली टिहरी में व्यवस्थित की गयी मेरिनों भेड़ों को ड्रोन के माध्यम से सीधा प्रसारण कराया गया।

### शिविर में श्रमिकों को सिलाई मशीन, कम्बल, सोलर लाईट एवं सिनेट्री पैड वितरित

**संवाददाता** देहरादून।

उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा देहरादून के गढ़ी कैंट के डाकरा में श्रमिक लाभार्थी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 400 से अधिक श्रमिकों को सिलाई मशीन, कम्बल, सोलर लाईट, छाता एवं सिनेट्री पैड वितरित किये गये। वीरवार को देहरादून के गढ़ी डाकरा में आयोजित श्रमिक लाभार्थी शिविर में श्रम मंत्री डा0 हरक सिंह रावत ने बतौर मुख्य अतिथि एवं मसूरी विधायक गणेश जोशी ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। श्रम मंत्री ने सभी श्रमिकों को सामान वितरित करने के बाद अपने सम्बोधन में कहा कि सभी श्रमिक अधिक से अधिक पंजीकरण करायें और श्रमिक को दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि इसके अर्न्तगत स्वास्थ्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इसमें अटल पोषण योजना के अर्न्तगत किसी श्रमिक की मृत्यु पर उसके परिवार को प्रतिमाह 1500 दिये जाते हैं।

### रणजी ट्रॉफी में ओडिशा की उत्तराखंड पर 28 रनों की बढ़त

**संवाददाता** देहरादून। रणजी ट्रॉफी में ओडिशा ने उत्तराखंड पर पहली पारी में 28 रनों की बढ़त बना ली है। हालांकि बारिश के आने से दूसरे दिन के खेल को 16.2 ओवर पर ही रोकना पड़ा। कटक के डीआरआइईएमएस क्रिकेट ग्राउंड में उत्तराखंड और ओडिशा के बीच गुरुवार को दूसरे दिन का खेल खेला गया। ओडिशा ने 39 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 98 रनों से पारी को आगे बढ़ाया। पहले दिन के सेट बल्लेबाज बिपलब सामांतरे (37 रन) पर पवेलियन लौटे। इसके बाद अभिषेक राउत (08 रन) व सुजीत लेंका (02 रन) पर पवेलियन लौटे। दूसरे दिन 16.2 ओवर का खेल ही खेला गया था, इस दौरान बारिश के आने से मैच को रोकना पड़ा।

# मुख्यमंत्री को मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट का प्रथम पुरस्कार

**सराहना**

■ ऐसे प्रयास राज्य की आर्थिकी को भी मजबूती प्रदान करने में सहायक होंगेः मुख्यमंत्री

देहरादून। **संवाददाता**



गुरुवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से सचिव सूचना दिलीप जावलकर एवं उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद् के नोडल अधिकारी के. एस.चौहान ने भेंट की। उन्होंने उत्तराखण्ड को 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के अन्तर्गत प्रदान किये गये मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट का प्रथम पुरस्कार मुख्यमंत्री को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तर पर सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग द्वारा उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद् के माध्यम से राज्य में फिल्मांकन के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने, फिल्म निर्माताओं की सुविधाओं को ध्यान रखते हुए अनुकूल फिल्म नीति लागु करने जैसे प्रयासों की सराहना की।

सीएम ने कहा कि यह पुरस्कार राज्य में फिल्मों की शूटिंग के लिये अनुकूल माहौल प्रदान करने का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में फिल्मकारों का फिल्मांकन के लिये उत्तराखण्ड को डेस्टिनेशन के रूप में अपनाने से राज्य के पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन हमारी आर्थिकी का मजबूत आधार है। इस प्रकार के प्रयास राज्य की आर्थिकी को भी मजबूती प्रदान करने में सहायक होंगे।

सचिव सूचना जावलकर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि गत सोमवार को नई दिल्ली, विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा उत्तराखण्ड को 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के अन्तर्गत मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

### डिप्लोमा इंजीनियर्स का प्रमुख अभियंता कार्यालय के बाहर प्रदर्शन, धरना

**संवाददाता** देहरादून। लंबित समस्याओं के समाधान के लिए उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर धरना दिया। बृहस्पतिवार को संघ के बैनर तले डिप्लोमा इंजीनियर्स यमुना कालोनी स्थित लोनिवि के प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष के कार्यालय के बाहर इकट्ठा हुए और वहां पर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गये। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि लोनिवि के डिप्लोमा इंजीनियरों की समस्यायें लंबे समय से अनिस्तारित है और समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है जो चिंता का विषय है। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में सहायक अभियंताओं के साठ से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं जिस कारण दुर्गम क्षेत्रों के निर्माण कार्यों की प्रगति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है और 39 प्रभारी सहायक अभियंताओं की नियुक्ति हेतु प्रकरण लंबे समय से लंबित है उनका निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

### शिविर का आयोजन आज

देहरादून। शमशेरगढ़ आर्य समाज मंदिर में आज प्रातः 10 से 2 बजे तक आयुर्वेदिक विवि द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।